हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, गुरुवार, 6 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 30 .5 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

12 धूमधाम से मनाया गुरुनानक देव जी का प्रकाश पर्व, रागी जत्थों ने गुरुवाणी से किया निहाल



12 पंद्रह साल पहले बने खेल स्टेडियम की लंबे समय से दुर्दशा, कोच भी नहीं, खेल मंत्री को लिखा पत्र



## खबर संक्षेप

### एक्साइट एक्ट का आरोपी किया काबू

**रेवाड़ी।** सीआईए ने एक्साइज एक्ट के तहत दर्ज मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। रोहड़ाई थाना पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी मामले में गत वर्ष 10 जनवरी को केस दर्ज किया था। इस मामले में अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। एक आरोपी मौके से फरार हो गया था। दिल्ली के मलिकपुर निवासी आशु इस मामले में फरार चल रहा था। सीआईए ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट मामलों में चार आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामलों में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना धारूहेड़ा पुलिस ने पीड़ित के बयान पर गत वर्ष 28 दिसंबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में जीतपुरा निवासी सोनू को गिरफ्तार किया गया है। जाटूसाना थाना पुलिस ने 3 नवंबर को दर्ज मामले में मोतला कलां निवासी कमल, हितेष और दीपक को गिरफ्तार किया है। बाद में तीनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रहा कर दिया गया।

### बारहवीं की छात्रा ने फांसी लगाकर जान दी

**धारूहेड़ा।** भूप विहार कॉलोनी में 12वीं कक्षा की छात्रा ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। मूल रूप से बिहार का रहने वाला एक परिवार कॉलोनी में किराए के मकान में रह रहा है। इस परिवार की करीब 18 वर्षीय लड़की घर पर अकेली थी। उसके माता-पिता कंपनी में नौकरी पर गए हुए थे।

*इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. असीम मिगलानी व प्रो. रजिस्ट्रार दिलबाग सिंह ने किया युवा महोत्सव का शुभारंभ*

# केएलपी में आईजीयू के जोनल यूथ फेस्टिवल का रंगारंग आगाज, युवाओं ने पहले दिन छह मंचों पर मचाया धमाल

**तीन दिन 21 कॉलेजों के युवा 42 विधाओं में लेंगे भाग**



युवा महोत्सव में ग्रुप डांस पेश करती टीम



युवा महोत्सव में ग्रुप डांस पेश करती टीम



युवा महोत्सव में हरियाणवी ग्रुप सॉन्ग पेश करती छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

केएलपी कॉलेज में बुधवार को इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के तीन दिवसीय क्षेत्रीय युवा महोत्सव 'अनुगूंज' का शानदार आगाज हो गया। 7 नवंबर तक चलने वाले महोत्सव में जिले के 21 कॉलेजों के युवा भाग ले रहे है। युवा महोत्सव के विभिन्न इवेंट के लिए कॉलेज में सात स्टेज तैयार किए गए हैं। महोत्सव में पांच वर्गों की 42 प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। युवा महोत्सव के पहले दिन मुख्यातिथ आईजीयू के कुलपति प्रो. असीम मिगलानी तथा विशिष्ट अतिथि आईजीयू के रजिस्ट्रार प्रो. दिलबाग सिंह व विधायक लक्ष्मण यादव के पुत्र निशांत यादव ने दीप प्रज्जवलित करके युवा महोत्सव का शुभारंभ किया। कॉलेज प्रबंधकारिणी अध्यक्ष रिपुदमन गुप्ता, उपाध्यक्ष संदीप खंडेलवाल, महासचिव अरविन्द गुप्ता, कोषाध्यक्ष उषा रुस्तगी व प्राचार्या डा. कविता गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि डा. मिगलानी ने कहा कि विद्यार्थियों की आवश्यकताओं और समस्याओं को ध्यान में रखते हुए इस बार हमने जोनल यूथ फेस्टिवल के आयोजन का निर्णय लिया गया। हमारा उद्देश्य मंच के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ नए अवसर देना है।

### विवि प्रशासन व प्रबंध समिति का आभार जताया

*प्रो. दिलबाग सिंह ने कहा कि ऐसे युवा उत्सव विद्यार्थियों को बहुत-सी सकारात्मक और मूल्यवान सीख प्रदान करते हैं। कॉलेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष रिपुदमन गुप्ता ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं को प्रदर्शित करने, आत्मविश्वास बढ़ाने और नए अवसरों की ओर अग्रसर होने का अवसर मिलता है। प्राचार्य डा. कविता गुप्ता ने विश्वविद्यालय प्रशासन और प्रबंध समिति का आभार व्यक्त किया। युवा महोत्सव के पहले दिन 23 इवेंट का आयोजन किया गया, जिनमें से 19 प्रतिस्पर्धात्मक और 4 गैर-प्रतिस्पर्धात्मक थे। कॉलेज में छह मंचों पर आयोजित प्रतियोगिताओं में 21 महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।*

### यह रहे कार्यक्रम में मौजूद

*इस अवसर पर पब्लिक एजुकेशन बोर्ड के प्रधान अशोक सोमानी, बृजलाल गोयल, एन के गुप्ता प्रधान सतीश बीएड कॉलेज, आरडीएस कॉलेज के प्रधान मुकेश भट्टेवाले, मोहन लाल, अनिल रुस्तगी, अजय मित्तल, दुर्गा दत्त गोयल, विनयशील गोयल, दीपक यादव, दीपक अग्रवाल पालहवासिया, केलपी कॉलेज के पूर्व प्रधान अमित गुप्ता, रमेश मित्तल, रतन लाल अग्रवाल, प्रमिला भार्गव, सुनील ग्रोवर, डीडीपीओ हरि प्रकाश बंसल, नवल किशोर, आयोजन सचिव डा. बिंदु अरोड़ा, आईजीयू से सहायक निदेशक छात्र कल्याण डा. सुशांत यादव, प्रदीप अहलावत, डा. राकेश कुमार, डा. दिनेश शर्मा, डा. मंजू गर्ग, डा. पारुल मित्तल व महेंद्र संभारिया सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।*



युवा महोत्सव का शुभारंभ करते हुए आईजीयू के कुलपति व अन्य




युवा महोत्सव में नशा मुक्ति का संदेश देती टीम



युवा महोत्सव में मौजूद अतिथिगण व विद्यार्थी

**स्टेज संख्या पांच पर**

इस स्टेज पर क्ले मॉडलिंग और कार्टूनिंग की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रतिभागियों ने मिट्टी और रेखाओं के माध्यम से अपनी कला को जीवंत रूप दिया। मंच संचालन डा. मोनिका कुमारी, डा. दिव्या बत्रा, करुणा, लक्ष्मी व प्राची ने किया।

### आज इन स्टेजों पर हुए कार्यक्रम

**स्टेज संख्या एक** पर क्रिएटिव कोरियोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने डर जैसे मनोवैज्ञानिक विषयों से लेकर महाभारत में श्रीकृष्ण के उपदेशों जैसे आध्यात्मिक प्रसंगों को नृत्य के माध्यम से रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। इसके बाद फोक ऑर्केस्ट्रा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न कॉलेजों की टीमों ने लोकसंगीत की प्रस्तुतियां दीं। इसके साथ ही साफा बांधो और फैशन शो आयोजित किए गए। मंच संचालन डा. अनुराधा दीपक, डा. ममता शर्मा और डा. ऋचा शर्मा ने किया।

**स्टेज संख्या दो**

स्टेज संख्या दो पर हरियाणवी लोकगीत, वन एक्ट प्ले, मिमिक्री व हरियाणवी स्टैंडअप कॉमेडी जैसे रोचक कार्यक्रम आयोजित हुए। प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता और अभिनय कौशल से दर्शकों को खूब मनोरंजन किया।

**स्टेज संख्या तीन**

स्टेज संख्या तीन पर साहित्यिक कार्यक्रमों में जनरल क्विज, उर्दू कविता पाठ, संस्कृत श्लोक उच्चारण और संस्कृत भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने विविध भाषाओं और विषयों के माध्यम से प्रभावशाली अभिव्यक्ति दी। मंच संचालन डा. गायत्री और डा. पुष्पा यादव ने किया।

**स्टेज संख्या चार**

स्टेज संख्या चार का मंच संगीत और गायन को समर्पित रहा। यहां पर क्लासिकल वोकल सोलो, इंस्ट्रुमेंटल सोलो परकशन एवं नॉन-परकशन, लाइट वोकल इंडियन, पंजाबी कविता पाठ और फोक सॉन्ग रागिनी की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

**स्टेज संख्या सात**

स्टेज संख्या सात पर कविता पाठ हरियाणवी व हिंदी का आयोजन किया गया। युवा कवियों ने अपनी कविताओं के जरिए समाज के विविध रंगों, भावनाओं और सच्चाइयों को बखूबी उकेरा। मंच संचालन डा. ए निवेदिता और डा. मंदीप शर्मा ने किया।





डॉक्टर्स सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर


## जब बॉर्डर लाइन पर हो शुगर लेवल



**मेरी उम्र 52 वर्ष है। मेरा ब्लड शुगर लेवल बॉर्डर पर रहता है। मैं अपनी डाइट और लाइफस्टाइल कैसी रखूं, जिससे भविष्य में भी डायबिटीज से बचा रहूं?**

**-नामदेव, डोंगरगढ़**

इसके लिए आपके खान-पान में बदलाव सबसे ज्यादा जरूरी है। खाने में मीठा लेना बिल्कुल बंद कर दें। साथ ही चावल, आलू और मैदा की चीजें खाने से बिल्कुल बचें। तली-भुनी चीज भी कम से कम खाएं। सुबह-शाम नियमित रूप में आधे घंटे एक्सरसाइज करें। एक्सरसाइज ऐसी हो, जिससे आपको पसीना निकले। इस तरह बदलाव करके आपको राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 44 वर्ष है। मैं दो वर्षों से बीपी की दवा ले रहा हूं। लेकिन फिर भी बीपी 90/140 रहता है। क्या यह नॉर्मल है? मुझे क्या करना चाहिए?**

**-विनीत, कुरुक्षेत्र**

वैसे इस बीपी रेंज को आजकल की लाइफस्टाइल में नॉर्मल बोला जाता है, लेकिन यह और कम हो तो ज्यादा बेहतर है। इसके लिए आप खाने में नमक की मात्रा कम करें। साथ ही ऊपर से नमक वाली चीजें जैसे अचार, चटनी, पापड़ खाने से परहेज करें। अधिक तला-भुना और बाहर की डिशेज भी खाना कम कर दें। इस तरह बदलाव से आपको और थोड़ी राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 66 वर्ष है। मुझे दो-तीन महीने से दिन में किसी समय भूख नहीं लगती है। खाना ना खाने से कमजोरी महसूस होने लगी है, प्लीज बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-ओंकार, भोपाल**

भूख क्यों नहीं लगती, आप इस बात पर गौर करें। क्या आपका डाइजेशन सिस्टम ठीक नहीं है? अगर ऐसा है तो आपको पहले अपना डाइजेशन सिस्टम ठीक करना होगा। इसके लिए खाने में हल्की चीजों के साथ में दही और सलाद लेना होगा। अगर ऐसा नहीं है और भूख कम लगने के साथ सुस्ती भी महसूस होती है तो एक बार आपको डॉक्टर से संपर्क कर जांच करवा लेनी चाहिए।

**मेरी उम्र 39 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरे पेट के निचले हिस्से में हल्का दर्द होता रहता है। खाने के बाद बढ़ जाता है। प्लीज बताएं ऐसा क्यों हो रहा है?**

**-चंदन, बिलासपुर**

आपको किसी डॉक्टर से संपर्क कर पेट का अल्ट्रासाउंड कराना चाहिए, जिससे पता चलेगा कि कारण क्या है? आप बता रहे हैं कि खाने के बाद दर्द निचले हिस्से में होता है। हालांकि कई बार संक्रमण की वजह से भी ऐसा होता है। लेकिन बगैर जांच किए कुछ भी कहना ठीक नहीं है। फिलहाल अधिक ऑयली खाना बिल्कुल बंद कर दें।

**मेरी उम्र 28 वर्ष है। मेरा वजन 90 किलो है। कृपया अपना वेट नॉर्मल करने का कोई कारगर उपाय बताएं।**

**-राजवीर, जबलपुर**

आपका वजन बहुत ज्यादा है। आपको एक बार अपनी बीएमआई यानी बॉडी मास इंडेक्स चेक करा लेना चाहिए। इसके साथ ही खाने-पीने में आपको ध्यान देना चाहिए। अधिक तला-भुना खाना और चावल, आलू, मैदा की चीजों के सेवन से बिल्कुल बचें। रात में हल्का खाना खाएं। कोशिश करें कि गेहूं के आटे की रोटी कम खाएं। इसकी जगह मिलेट्स का आटा खाएं। वह फायदेमंद रहेगा। खाने में फल और सलाद भी शामिल जरूर करें। *

**प्रस्तुति: रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

कुछ समय पहले तक कैंसर को लाइलाज बीमारी माना जाता था। लेकिन अब ऐसा नहीं है। समय रहते अगर इसका पता चल जाए तो नई मेडिकल तकनीकों के जरिए पूरी तरह इसका ट्रीटमेंट संभव है। लेकिन इसके लिए अवेयर रहना बहुत जरूरी है। कैंसर अवेयरनेस मंथ (नवंबर) के अवसर पर कैंसर के कारण, उसके लक्षणों, उपचार और बचाव के बारे में यहां एक्सपर्ट डॉक्टर विस्तार से बता रहे हैं।

# बरतें सावधानी-रहें जागरूक संभव है कैंसर से बचाव-उपचार










डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. अशोक कुमार वैद

चेयरमैन-मेदांता कैंसर इंस्टीट्यूट
मेदांता-दि मेडिसिटी, गुरुग्राम


- *दुनिया भर में होने वाली मौतों में हृदय रोग के बाद, कैंसर दूसरा सबसे बड़ा कारण है।*
- *भारत में हर साल करीब 14 लाख नए कैंसर के मामले सामने आते हैं और लगभग 7.5 लाख लोगों की मृत्यु कैंसर से होती है।*
- *देश में लगभग 80% मरीजों का इलाज तब शुरू होता है, जब रोग तीसरे या चौथे चरण में पहुंच चुका होता है।*

अब वे दिन नहीं रहे, जब कैंसर को मौत की पूर्व चेतावनी माना जाता था। ऐसा इसलिए, क्योंकि पिछले दो दशकों में कैंसर की जांचों और इसके इलाज के क्षेत्र में जो अभूतपूर्व बदलाव हुए हैं, उनके कारण इससे छुटकारा पाने और पुनः स्वस्थ होने की संभावनाएं अतीत की तुलना में अब काफी हद तक बढ़ गई हैं। लेकिन ऐसा तभी हो सकता है, जब लोग इसको लेकर अवेयर रहें।

### क्यों होता है कैंसर

अमेरिकन कैंसर सोसायटी के अनुसार, कैंसर तब होता है जब शरीर की कोशिकाओं के डीएनए में बदलाव आ जाता है। यह बदलाव कोशिकाओं की सामान्य वृद्धि रोक देता है और वे अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती हैं, जिससे ट्यूमर बनता है। धीरे-धीरे यह ट्यूमर आस-पास के ऊतकों या दूसरे अंगों में फैल सकता है।

### लक्षणों पर ध्यान दें

कैंसर के शुरुआती लक्षण इस प्रकार के हो सकते हैं-

- किसी मामूली से घाव या जख्म का लंबे समय तक न भरना।
- बिना किसी बीमारी या वजह के लगातार वजन घटना (6 महीनों में 10% से अधिक)।
- शरीर में किसी भी स्थान पर कोई कठोर या बढ़ती हुई गांठ महसूस होना।
- बिना कारण बार-बार बुखार या खून की कमी (एनीमिया) होना।
- मल या पेशाब में अकसर खून आना।
- लगातार थकान, भूख कम लगना या पेट में भारीपन।
- तिल या मस्से का आकार या रंग बदलना।

इनमें से कोई भी एक या अधिक लक्षण दिखें तो तुरंत डॉक्टर से परामर्श करें।



### जीवनशैली का कैंसर से संबंध

वैज्ञानिकों के अनुसार, सिर्फ 5-10% कैंसर ही आनुवंशिक कारणों से होते हैं। लगभग 30–50% कैंसर को रोका जा सकता है, अगर हम अपनी जीवनशैली की आदतों को सुधारें।

**जंक फूड्स:** अपने खान-पान में संतुलित आहार जैसे साबुत अनाज, दाल, दूध, हरी सब्जियों और मौसमी फलों आदि के स्थान पर जंक फूड्स और पैकेज्ड फूड को लंबे समय तक वरीयता देना कालांतर में पेट के किसी भाग में या फिर बड़ी आंतों (कोलन) के कैंसर के खतरे को बढ़ा देता है।

**धूम्रपान:** धूम्रपान से शरीर में ऐसे तमाम केमिकल्स, फेफड़ों में जाते हैं, जो कालांतर में जींस में गड़बड़ी उत्पन्न कर सकते हैं और यह स्थिति एक अर्से बाद कैंसर का जोखिम बढ़ा देती है। फेफड़ों के कैंसर का एक प्रमुख कारण धूम्रपान है।

**तंबाकू चबाना:** किसी भी रूप में तंबाकू उत्पादों का सेवन मुंह, गाल, जीभ के अलावा गले के कैंसर के जोखिम को बढ़ा देता है।

**शारीरिक श्रम-व्यायाम न करना:** जो लोग अपनी दिनचर्या में शारीरिक श्रम और व्यायाम को नियमित रूप से शामिल नहीं करते, वे कालांतर में मोटापे से ग्रस्त हो जाते हैं। मोटापा कालांतर में कैंसर का एक प्रमुख कारण बन सकता है, क्योंकि यह शरीर की जेनेटिक संरचना और शरीर के कुछ अंगों पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। सिटिंग जॉब या बैठकर काफी समय तक काम करना जैसे कंप्यूटर, लैपटॉप, स्मार्टफोन पर काफी वक्त बिताना आदि स्थितियां कालांतर में मोटापे का कारण बनती है। स्तन, गर्भाशय और बड़ी आंत के कैंसर का एक कारण मोटापा हो सकता है।

**वायु प्रदूषण:** इससे फेफड़ों के कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं। देश के अनेक महानगरों और छोटे नगरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एयर क्वालिटी इंडेक्स) दिनोंदिन खराब होता जा रहा है जिस सूचकांक को 100 के अंदर होना चाहिए वह 300 के पार जा रहा है। यह लोगों के फेफड़ों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। यह स्थिति कालांतर में फेफड़ों के कैंसर के खतरे को बढ़ा देती है।

**शराब का सेवन:** अकसर शराब का सेवन करना, एक वक्त के बाद कैंसर के जोखिम को बढ़ा देता है।

### कैंसर ट्रीटमेंट के तरीके

पिछले दो दशकों में कैंसर के इलाज में जबरदस्त प्रगति हुई है। अब कई प्रकार के कैंसर शुरुआती चरण में पूरी तरह ठीक हो सकते हैं।



**सर्जरी:** ट्यूमर को निकालने के लिए इसे यूज करते हैं।

**कीमोथेरेपी:** नई दवाओं से अब इसके साइड इफेक्ट कम हुए हैं।

**रेडिएशन थेरपी:** अब गामा नाइफ और साइबर नाइफ जैसी आधुनिक तकनीकें मौजूद हैं।

**टारगेटेड थेरपी:** केवल कैंसर कोशिकाओं को निशाना बनाकर नष्ट किया जाता है, स्वस्थ कोशिकाएं सुरक्षित रहती हैं।

**इम्यूनोथेरेपी:** शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत कर कैंसर कोशिकाओं से लड़ने में मदद करती है। अगर पहले या दूसरे चरण में कैंसर का पता चल जाए, तो इन विधियों से लगभग 80% मामलों में सफल इलाज संभव है।

### इन बातों पर दें ध्यान

- ब्रेस्ट कैंसर की रोकथाम के लिए ब्रेस्ट सेल्फ एग्जामिनेशन स्क्रीनिंग और मैमोग्राफी 40 साल की उम्र के बाद साल में एक बार हर महिला को जरूर करवानी चाहिए।
- मुंह के कैंसर की जांच साल में एक बार डॉक्टर से परामर्श लेकर वे लोग अवश्य करवाएं, जो किसी भी रूप में तंबाकू का सेवन या धूम्रपान करते हैं।
- प्रोस्टेट कैंसर (जो पुरुषों में होता है) की जांच के लिए पीएसए नामक ब्लड टेस्ट कराया जाता है। आमतौर पर 65 वर्ष के ऊपर के व्यक्तियों को इस टेस्ट को डॉक्टर के परामर्श से कुछ अंतराल पर कराते रहना चाहिए।
- शरीर में किसी भी स्थान पर और खासतौर पर महिलाओं के ब्रेस्ट्स में गांठ या अन्य प्रकार की असामान्यता महसूस होने पर शीघ्र अपने डॉक्टर से परामर्श लें। इसमें देर करना ट्रीटमेंट के प्रोसेस को बढ़ा सकता है। *

**प्रस्तुति: विवेक शुक्ला**

### कैंसर से जुड़ी गलतफहमियां

कैंसर के बारे में कई मिथ्स प्रचलित हैं। इनकी सच्चाई जानना सभी के लिए जरूरी है।

**मिथक:** कैंसर छूने से फैलता है।

**फैक्ट:** कैंसर कोई संक्रामक रोग नहीं है। यह एक व्यक्ति से दूसरे में नहीं फैलता।

**मिथक:** सर्जरी से कैंसर फैल जाता है।

**फैक्ट:** वैज्ञानिक रूप से यह बिल्कुल गलत है। सर्जरी करवाने से कैंसर नहीं फैलता।

**मिथक:** बच्चों को कैंसर नहीं होता है।

**फैक्ट:** दुर्लभ होते हुए भी बच्चों में भी कैंसर हो सकता है, प्रायः आनुवंशिक कारणों से।

**निष्कर्ष:** कैंसर अब लाइलाज नहीं रहा। समय पर जांच, सही इलाज और स्वस्थ जीवनशैली से इसे हराया जा सकता है।

बचाव के लिए धूम्रपान छोड़ें, नियमित व्यायाम करें, संतुलित आहार लें और स्वास्थ्य जांच को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। सावधानी ही सबसे बड़ी सुरक्षा है।

स्पेशल: वर्ल्ड इम्यूनाइजेशन डे, 10 नवंबर

जिस तरह बचपन में कई बीमारियों से बचाव के लिए वैक्सीनेशन किया जाता है, उसी तरह मिड एज के बाद और ओल्ड एज के लोगों को भी कुछ बीमारियों से बचने के लिए वैक्सीनेशन जरूर करवाना चाहिए। इस बारे में यूजफुल सजेशंस।

# बच्चों-बड़ों दोनों के लिए जरूरी है इम्यूनाइजेशन

अवेयरनेस

हर साल 10 नवंबर को विश्व टीकाकरण दिवस (वर्ल्ड इम्यूनाइजेशन डे) मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य लोगों को टीकाकरण के महत्व के बारे में जागरूक करना है, ताकि हर व्यक्ति संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित रह सके। आमतौर पर लोग समझते हैं कि टीके सिर्फ बच्चों के लिए जरूरी होते हैं, लेकिन चिकित्सा विशेषज्ञ मानते हैं कि बड़ों और बुजुर्गों को भी कुछ आवश्यक टीके लगवाने चाहिए, जिससे कई गंभीर बीमारियों से बचाव हो सके।

बच्चों को जीवन के शुरुआती वर्षों में जरूरी टीके लगवाना जितना अहम है, उतना ही जरूरी है कि वयस्क और बुजुर्ग भी समय-समय पर अपने टीकाकरण की जांच कराएं। 40 वर्ष की उम्र के बाद शरीर की प्रतिरक्षा क्षमता धीरे-धीरे कमजोर होती जाती है, ऐसे में फ्लू, निमोनिया, टिटनेस, हेपेटाइटिस और शिंगल्स जैसी बीमारियों से बचाव के लिए टीके बहुत फायदेमंद होते हैं।

डॉक्टर्स के अनुसार, बड़ी उम्र के लोगों को कुछ टीके अवश्य लगवाने चाहिए।

### इंफ्लूएंजा (फ्लू) वैक्सीन

इंफ्लूएंजा या फ्लू एक संक्रामक श्वसन रोग है, जो इसके वायरस से होता है। यह वायरस हर साल अपने रूप बदलता रहता है, इसलिए फ्लू वैक्सीन हर साल एक बार लगवाना जरूरी होता है। यह वैक्सीन शरीर में ऐसे एंटीबॉडी बनाती है, जो इस वायरस से बचाव करते हैं। खासतौर पर बुजुर्गों, गर्भवती




महिलाओं, बच्चों, डायबिटीज, हृदय या फेफड़ों के रोगियों के लिए यह टीका बहुत फायदेमंद होता है, क्योंकि इनकी प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। फ्लू वैक्सीन से संक्रमण की संभावना लगभग 40-60 प्रतिशत तक कम हो जाती है और इससे



गंभीर जटिलताओं जैसे निमोनिया का खतरा भी घटता है।

### टिटनेस, डिप्थीरिया, परट्यूसिस (टीडीएपी)

टीडीएपी वैक्सीन एक ऐसा टीका है, जो शरीर को तीन खतरनाक बीमारियों से बचाता है- टिटनेस, डिप्थीरिया और परट्यूसिस (काली खांसी)। इसे हर 10 साल में एक बार लगवाना चाहिए ताकि शरीर की सुरक्षा बनी रहे। टिटनेस अकसर जंग लगे लोहे या गंदी चोट से होने वाला संक्रमण है, जो मांसपेशियों को अकड़ा देता है। डिप्थीरिया गले में झिल्ली बनाकर सांस लेने में परेशानी पैदा कर सकता है, जबकि काली खांसी से कई हफ्तों तक तेज खांसी आती रहती है और फेफड़ों पर असर पड़ता है। यह वैक्सीन सिर्फ बच्चों के लिए नहीं, बल्कि हर वयस्क के लिए जरूरी है। कई लोग सोचते हैं कि टिटनेस का टीका केवल चोट लगने पर लगता है, जबकि सही यह है कि हर 10 साल में टीडीएपी लगवाने से शरीर इन तीनों बीमारियों से लंबे समय तक सुरक्षित रहता है।

### हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन

हेपेटाइटिस-बी एक खतरनाक वायरस जनित बीमारी है, जो हमारे लीवर (यकृत) को नुकसान पहुंचाती है। यह वायरस संक्रमित खून, सुई या असुरक्षित यौन संपर्क के जरिए फैलता है। शुरुआत में इसके लक्षण बहुत हल्के होते हैं, लेकिन समय के साथ यह लीवर इंफेक्शन, सिरोसिस या लीवर कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन इस संक्रमण से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका है। इसे आमतौर पर तीन डोज में दिया जाता है। डायबिटीज मरीज और कमजोर इम्यूनिटी वाले बुजुर्ग लोगों को, हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन जरूर लगवानी चाहिए। यह सुरक्षित है और लंबे समय तक लीवर को संक्रमण से बचाती है।

### निमोनिया वैक्सीन

निमोनिया, फेफड़ों का गंभीर संक्रमण है, जो न्यूमोकॉकस नामक बैक्टीरिया के कारण होता है। यह संक्रमण फेफड़ों में सूजन, तेज बुखार, सांस लेने में कठिनाई और सीने में दर्द पैदा करता है। खासतौर पर 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों, कमजोर इम्यूनिटी, डायबिटीज, हृदय रोग या फेफड़ों की बीमारी (जैसे अस्थमा या सीओपीडी) वाले लोगों में इसका खतरा ज्यादा होता है। निमोनिया वैक्सीन शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाकर इस संक्रमण से सुरक्षा देती है। डॉक्टर आमतौर पर दो प्रकार की वैक्सीन की सलाह देते हैं पीसीवी और पीपीएसवी, जिन्हें उम्र और स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार लगाया जाता है।

### शिंगल्स वैक्सीन

शिंगल्स (हरपेस जोस्टर) एक दर्दनाक त्वचा रोग है, जो वेरिसेला-जोस्टर वायरस के कारण होता है। यही वायरस बचपन में होने वाली चेचक (चिकनपॉक्स) का भी कारण होता है। चेचक के ठीक होने के बाद यह वायरस शरीर में लंबे समय तक छिपा रहता है और उम्र बढ़ने या इम्यूनिटी कमजोर होने पर दोबारा सक्रिय होकर शिंगल्स का कारण बनता है। इस बीमारी में शरीर या चेहरे के किसी हिस्से पर दाने, जलन और तेज दर्द होता है, जो कई हफ्तों तक परेशान कर सकता है। शिंगल्स वैक्सीन खासकर 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए बहुत फायदेमंद है। यह शरीर में वायरस की पुनः सक्रियता को रोकने में मदद करती है और अगर संक्रमण हो भी जाए, तो लक्षण हल्के रहते हैं। एक बार लगने वाला यह टीका लंबे समय तक सुरक्षा देता है और बुजुर्गों को दर्द और असुविधा से बचाता है। इस विश्व टीकाकरण दिवस पर संकल्प लें कि टीका केवल बच्चों के लिए नहीं, सबके लिए उपयोगी है। इसलिए बच्चों समेत सभी को वैक्सीनेशन कराना जरूरी है। *

**(अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन डॉ. अली शेर से बातचीत पर आधारित)**

डब्ल्यूएचओ के अनुसार दुनिया भर में बच्चों की मृत्यु का सबसे बड़ा कारण निमोनिया है। विश्व निमोनिया दिवस (12 नवंबर) पर आपको दे रहे हैं इससे जुड़ी जरूरी जानकारियां।

# निमोनिया से ऐसे करें बचाव




प्रिकॉशन

डॉ. विनी कांत

सीनियर पल्मोनोलॉजिस्ट
अपोलो अस्पताल, दिल्ली


निमोनिया सांस से जुड़ी एक गंभीर बीमारी है। जो मौसम बदलने पर सर्दी लगने या वायरस, बैक्टीरिया और फंगस के कारण रेस्पिरेटरी इंफेक्शन के कारण होती है। सेहत का ध्यान न रखने पर सर्दी, जुकाम, बुखार से शुरू होता है और धीरे-धीरे एक या दोनों फेफड़ों को संक्रमित कर निमोनिया का रूप ले लेता है। यह सभी उम्र के लोगों को प्रभावित करता है। कमजोर इम्यूनिटी के कारण पांच साल से कम उम्र के बच्चे निमोनिया का आसानी से शिकार हो जाते हैं।

**क्या है निमोनिया:** कई बार व्यक्ति वातावरण में मौजूद विभिन्न प्रकार के बैक्टीरिया, वायरस या अन्य रोगाणुओं की चपेट में आ जाता है। जो श्वास मार्ग, संक्रमित भोजन, जल या रक्त के माध्यम से अनचाहे ही शरीर में पहुंच कर इंफेक्शन फैलाते हैं और फेफड़ों में निमोनिया की वजह बनते हैं।

इंफेक्शन होने पर फेफड़ों की एल्वियोली थैलियों में सूजन, पानी या कफ जम जाती है। फेफड़े कमजोर हो जाते हैं और अपना काम ठीक तरह से नहीं कर पाते हैं। समुचित उपचार न होने पर इंफेक्शन रक्त-वाहिकाओं में पहुंचने और शरीर के दूसरे अंगों तक फैलने का अंदेशा रहता है, जिसे सेप्सिस कहा जाता है। इससे रेस्पेरेटरी फेल्यॉर हो सकता है और वेंटिलेटर मशीन पर रखने की भी जरूरत पड़ सकती है।

**इन्हें है ज्यादा रिस्क:** ऐसे बच्चों को निमोनिया होने की संभावना ज्यादा होती है, जिन बच्चों का प्री-मैच्योर जन्म होता है। जिन बच्चों का जन्म के समय वजन सामान्य से कम होता है। जिन बच्चों के सांस की नली में रुकावट या दिल में किसी प्रकार का जन्मजात विकार हो। जिस बच्चे को जन्म के समय जरूरी टीके नहीं लग पाए हों। 5 साल से कम उम्र के बच्चे।

**प्रमुख लक्षण:** निमोनिया होने पर बुखार, खांसी, उल्टी आना, कंजेशन होना, सांस लेने में दिक्कत होना, तेज-तेज सांस भरना, पसली चलना, घरघराहट की आवाज आना, बेचैनी और थकावट रहना, असामान्य चिड़चिड़ापन होना, डिहाइड्रेशन होना, भूख न लगना, कमजोरी आना, सुस्त होने या ज्यादा नींद आना, रक्त वाहिकाओं में ऑक्सीजन की कमी की वजह से



त्वचा या नाखूनों की रंगत नीली होना जैसे लक्षण मिलते हैं।

**क्या है उपचार:** मरीज की स्थिति के हिसाब से उपचार किया जाता है। बैक्टीरियल निमोनिया में मरीज को एंटीबायोटिक मेडिसिन दी जाती हैं। अस्पताल में भर्ती कर इंट्रावीनस एंटीबायोटिक मेडिसिन दी जाती हैं। वायरल निमोनिया में बुखार, दर्द, एंटीवायरल मेडिसिन के साथ आराम करने और लिक्विड डाइट ज्यादा लेने की हिदायत दी जाती है। फंगल निमोनिया में एंटीफंगल मेडिसिन दी जाती हैं। गंभीर मामलों में बच्चे को अस्पताल में एडमिट करना पड़ता है।

**संभव है बचाव:** निमोनिया से बचाव के कई तरीके हैं।

- वैक्सीनेशन शेड्यूल को जरूर फॉलो करें। न्यूमोकोकल कंजुगेट वैक्सीन (पीसीवी) और हीमोफिल्स इंफ्लूएंजा टाइप बी (एचआईबी) वैक्सीन निमोनिया से बचाव में प्रभावी है।
- बचपन से ही बच्चे को अच्छी ईटिंग हैबिट्स डालें। घर का बना संतुलित और पोषक आहार दें।
- बदलते मौसम में तापमान में होने वाले उतार-चढ़ाव में ध्यान रखें। ठंड से बचाएं।
- इंफेक्शन से बचाने के लिए बीमार लोगों से दूर रखें।
- व्यक्तिगत स्वच्छता पर ध्यान दें। खांसते हुए अपने मुंह और नाक को ढंक लें। हाथ धोते रहें।
- बच्चे को अधिक भीड़भाड़ या धुएं वाली जगहों पर ले जाने से बचें। *

**प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा**

## खबर संक्षेप

### चुनाव में लाखों वोटों की हुई गड़बड़ीः महेंद्र सिंह



**मंडी अटेली।** राहुल गांधी ने बिहार में होने वाले पहले के चरण के मतदान पहले दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हाईड्रोजन बम फोड़ने का दावा किया है। दरअसल राहुल गांधी ने हरियाणा में वोट चोरी का आरोप लगाते हुए बताया कि सारे सर्वे हरियाणा में कांग्रेस को बंपर जीत दिखा रहे थे, लेकिन बीजेपी ने वोट चोरी कर चुनाव जीत लिया। इस प्रेस कांफ्रेंस के बाद अटेली से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह राता ने बताया कि हरियाणा चुनाव में लाखों वोटों की गड़बड़ी हुई, जिससे प्रदेश में लोकतंत्र की हत्या की गई है। राहुल गांधी ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में फर्जी वोटरों के साथ एक व्यक्ति द्वारा अनेक बार वोट डालने का जिक्र किया है। हजारों भाजपा मतदाता उत्तर प्रदेश और हरियाणा में मतदान कर रहे हैं। पहली बार पोस्टल बैलट और असली वोटों का रुझान अलग रहा पोस्टल बैलट में कांग्रेस को 76 और बीजेपी को सिर्फ 17 सीटें मिलतीं है। गांवों में कांग्रेस पार्टी की विचारधारा के बारे में लोगों को जागरुक कर रहे हैं।

### बीच सड़क पर ऑटो व बस खड़ी रहने से बनी रहती थी जाम की स्थिति

# बस स्टैंड गेट पर रोडवेज ने तैनात किए 3 कर्मी, जाम से मिलेगा छुटकारा

- सड़क जाम, आमजन को उठानी पड़ती है परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। बस स्टैंड के मुख्यद्वार पर तैनात रोडवेज के कर्मचारी व पुलिसकर्मी।

बस स्टैंड के मुख्यद्वार पर अब जाम से छुटाकर मिलेंगा। रोडवेज विभाग ने मुख्यद्वार पर तीन कर्मचारी तैत कर दिए हैं। अक्सर देखने को मिलता था कि रोडवेज, निजी बस व ऑटों चालक सवारी बैठाने को लेकर को बस स्टैंड के मुख्यद्वार पर करीब दस बीस मिनट तक वाहन खड़ा कर देते थे, जिसके चलते बीच सड़क पर दिन में कई बार जाम की स्थिति बन जाती थी।

बता दें कि ऑटों व बस के कारण शहर के मुख्य बस अड्डे के सामने जाम की स्थिति बनी रहती थी। कई बार तो जाम ऐसे लगता है कि दुपहिया व चार पहिया वाहन तो क्या, पैदल चलने वालों को भी गुजरना मुश्किल भरा हो जाता था, जिसके कारण रोजाना राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा बस स्टैंड के मुख्यद्वार पर प्राईवेट बसें सवारियों के लिए बीच सड़क पर खड़ी कर देते हैं। जिसके चलते सड़क पर जाम लग जाता था। महेंद्रगढ़ बस स्टैंड से रोजाना हजारों की संख्या में यात्री आसपास के गांवों से लेकर, राजस्थान, पंजाब चंडीगढ़ और दिल्ली की तरफ सफर करते हैं। इनमें सबसे ज्यादा संख्या रेवाड़ी, जयपुर व दादरी की तरफ जाने वाले यात्रियों की होती है। इसके बाद साथ लगते प्रदेश राजस्थान की तरफ भी अच्छी खासी संख्या में यात्री सफर करते हैं। बस स्टैंड से रोडवेज की बसों के साथ-साथ निजी बसें भी गुजरतीं हैं। ऐसे में कई बार बस स्टैंड से बस बाहर निकालने के साथ उसे सवारी चढ़ाने के लिए गेट के सामने खड़ा कर देते थे। जिससे कई बार मुख्य रोड पर जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। इसके अलावा बस स्टैंड स्थित रोड पर जाम का दूसरा मुख्य कारण ऑटों चालक बनते हैं। ज्यादा से ज्यादा यात्रियों बैठाने के चक्कर में वे अपने ऑटों को होड़ में एक-दूसरे के आगे लगा देते हैं। जिसके कारण वहां पर जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। जब इन ऑटों चालकों को साइड में वाहन को खड़ा करने के लिए गुजारिश की जाती है तो वह झगड़ा करने पर उतारू हो जाते थे। इसके अलावा पुलिस द्वारा समय-समय पर ऑटों को सहीं ढ़ग से खड़ा करने के निर्देश भी दिए जाते थे। लेकिन पुलिसकर्मी के जाते हीं स्थिति वैसे ही बन जाती थी।

#### यात्रियों को नहीं होगी परेशानी

*बस स्टैंड के मुख्यद्वार पर जाम की स्थिति को देखते हुए विभाग ने दो कर्मचारी व एक पुलिसर्मी की तैनाती की गई हैं। मुख्यद्वार पर लगने वाले जाम से काफी हद तक छुटकारा मिलेंगा। यात्रियों को किसी भी प्रकार की परेशानी ने हो इसलिए यह फैसला लिया गया हैं। अब यात्री मुख्यद्वार पर न खड़ा होकर बस स्टैंड के भीतर बैठकर बस का इंताजार कर सकते हैं। -हरिप्रकाश, बस स्टैंड इंजार्च, महेंद्रगढ़।*



नारनौल। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव का आभार जताते मनदीप सिंह।

## एडवोकेट मनदीप ने जताया स्वास्थ्य मंत्री का आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

कष्ट निवारण समिति के सदस्य एडवोकेट मनदीप सिंह ने जिले के पटीकरा स्थित बाबा खेतानाथ राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल को शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए बीएएमएस की 100 सीटों पर दाखिले की अनुमति मिलने पर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव का आभार जताया है। मनदीव राव ने कहा कि पिछले कुछ सत्रों में कॉलेज में शिक्षकों व तकनीकी स्टाफ की कमी के चलते सभी 100 सीटों पर प्रवेश नहीं हो पा रहे थे। जिससे यह संख्या घटकर अब केवल 63 ही रह गई थी। जिससे युवाओं को भारी पेरशानी का सामना करना पड़ रहा था। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव की मजबूत पैरवी के चलते प्रदेश सरकार ने कॉलेज मं अपेक्षित शिक्षकों की नियुक्ति, संरचना सुधार व शैक्षणिक मानकों को पूरा करने के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की है। राष्टीय आयुर्वेदिक शिक्षा व चिकित्सा आयोग में केंद्रीस मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की ओर से की गई पैरवी करने के चलते कॉलेज को उसकी पूर्ण सीटों पर दाखिले की अनुमति प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री के कारण अब आयुर्वेदिक संस्थाओं के विस्तार व आधुनिक सुविधाओं से लैस नई परियोजनाओं पर काम चल रहा है। जिससे आयुष चिकित्सा प्रणाली को जन-जन तक पहुंचाया जा सकेगा।

### विजय इंटरनेशनल स्कूल में मनाई गुरु नानक देव जयंती

## गुरु नानक देव की शिक्षाओं को समझने और उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। फोटो: हरिभूमि

विजय इंटरनेशनल स्कूल में गुरु नानक देव जयंती और देव दीपावली का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों और शिक्षकों ने गुरु नानक देव की शिक्षाओं को समझने और उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। विद्यालय में गुरु नानक देव की जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय सचिव महेंद्र सिंह ने गुरु नानक देव के चित्र सामने पुष्प अर्पित करके की। छात्रों ने गुरु नानक देव के जीवन और उनकी शिक्षाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की और उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किए। प्राचार्य नत्थू सिंह ने गुरु नानक देव के जीवन और उनकी शिक्षाओं पर प्रकाश डाला और छात्रों को उनके आदर्शों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान छात्रों ने गुरु नानक देव के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। चेयरमैन विजय यादव टूमना ने बताया कि गुरु नानक देव सिखों के प्रथम गुरु थे। हर साल उनकी जयंती पांच नवम्बर को मनाई जाती है।

## पीएम के नेतृत्व में विकास की गंगा बह रही : ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। बिहार में चुनाव प्रचार करती अर्चना ठाकुर। फोटो: हरिभूमि

बिहार विधानसभा चुनाव मे भारतीय जनता पार्टी व एनडीए गठबंधन प्रचंड बहुमत के साथ एक नया इतिहास रचने जा रहीं है। भारतीय जनता पार्टी की जिला मंत्री डॉ. अर्चना ठाकुर ने बिहार में प्रचार कर रही नारी शक्ति से कहा कि जिस प्रकार आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रियता और नेतृत्व क्षमता ने भारत को विश्व पटेल पर एक गौरवशाली राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है। उसी का प्रभाव बिहार के जनता के उत्साह व समर्थन में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में पिछले 11 वर्षों के दौरान अद्भुत विकास हुआ है। देश के अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है और देश की सैनिक सेवा को भी मजबूती प्रदान की गई है। गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक योजना प्रभावी ढंग से लागू हुई है। डॉ. अर्चना ठाकुर ने कहा कि बिहार के मतदाता अब जातिवाद परिवारवाद और भ्रष्टाचार की राजनीतिक से उब चुके हैं। जनता अब उस राजनीति को प्राथमिकता दे रही है, जो विकास सुशासन और राष्ट्रीय हित के मूल्य पर आधारित है विपक्ष ने जनता को सिर्फ झूठे वादे किए है, जबकि भाजपा के धरातल पर काम कर दिखाया है। चाहे वह गरीबों के पक्के मकान देना हो किसानों को सहायता युवाओं को रोजगार और महिलाओं को सुरक्षा और युवाओं को रोजगार या देश की सुरक्षा को मजबूत करना नरेंद्र मोदी ने गुजरात में विकास का जो मॉडल स्थापित किया, वहीं आज वह पूरे भारत के विकास का आधार बन चुका है और आने वाले समय में बिहार में भी गुजरात जैसा ही मॉडल बनने का रूप दिया जाएगा है।

#### घोषणा पत्र पर हो रही अमल

सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सब का प्रयास मंत्र भारत को विश्व गुरु बनाने की दिशा में अग्रसर कर रहा है। डॉ. अर्चना ठाकुर ने कहा कि इंडियन के घोषणा पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि हमने घोषणा पत्र में यह तय किया है कि बिहार के एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएगी और हर जिले में मेगा सिकल केंद्र बनाए जाएगा।

### कोसली की बेटी पायल ने बढ़ाया गांव का मान



पायल।

**कोसली।** कोसली गांव ने हमेशा देशसेवा को अपनी परंपरा का हिस्सा माना है। क्षेद्ध के बेटे फौज, पुलिस, प्रशासन और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में अपनी कर्मठता और निष्ठा से देश का नाम ऊंचा करते आए हैं। अब वही परंपरा बेटियों ने भी बखूबी संभाल ली है। कोसली के मोहल्ला दादा की बेटी पायल ने हाल ही में सीपीओ में सब इंस्पेक्टर के पद पर चयन पाकर पूरे क्षेत्र को गर्वित किया है। पायल की सफलता उस सोच का परिणाम है, जिसमें परिवार और समाज ने उसे बराबरी का अवसर दिया। आज की पीढ़ी के लिए यह प्रेरणा है कि मेहनत और लगन से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

### आरपीएस के बच्चों ने गुरुद्वारे का किया भ्रमण



*कोसली। आरपीएस स्कूल कोसली के विद्यार्थियों ने बुधवार को गुरु नानक देव जी की जयंती के अवसर पर गुरुद्वारा साहिब का भ्रमण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गुरुवाणी सुनीं और गुरु नानक देव जी के जीवन एवं उपदेशों के बारे में जानकारी प्राप्त की। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने विद्यार्थियों को सत्संग, सेवा और समानता के महत्व से अवगत कराया। विद्यार्थियों ने गुरुद्वारे में लंगर सेवा भी दी। इस मौके पर विद्यालय की प्राचार्या अंजू यादव ने कहा कि ऐसे धार्मिक व प्रेरणादायक भ्रमण विद्यार्थियों में आध्यात्मिकता, अनुशासन और मानवीय मूल्यों की भावना विकसित करते हैं।*

## आरडीएक्स सप्लाई का डर दिखाकर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



शक्ति नगर निवासी एक व्यक्ति को उसकी आईडी से आरडीएक्स सप्लाई करने का डर दिखाकर ठगी करने के मामले में मॉडल टाउन थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद आरोपी को कोर्ट में पेश करते हुए न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। गत 31 अगस्त को मॉडल थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में यूपी के चोरहिड़ा निवासी सत्येंद्र कुमार ने बताया था कि वह शक्ति नगर में किराए के मकान में रह रहा है। 14 जुलाई को वह अपने मकान में सो रहा था। इसी दौरान उसके पास एक फोन आया। फोन करने वाले ने उसे बताया कि उसकी आईडी से आरडीएक्स की सप्लाई की जा रही है। मुंबई कस्टम ने सामान पकड़ा है। उसने खुद को मुंबई क्राइम ब्रांच से बताते हुए कहा कि अगर उसे अपना नाम एफआईआर से निकलवाना है, तो उसे पैसे देने होंगे। अगर उसने तुरंत 1 लाख रुपये नहीं दिए तो एफआईआर के आधार पर उसे गिरफ्तार किया जाएगा। उसकी बातों से सत्येंद्र बुरी तरह घबरा गया।

#### अधिक पैसों की मांग पर हुआ संदेह

*उसने यूपीआई से उसके बताए गए नंबरों पर दो बार में 96650 रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद उससे और अधिक पैसों की मांग की गई, तो उसे साइबर ठगी का अहसास हुआ। उसने तुरंत डायल-1930 पर फोन करने के बाद साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में एमपी के खामखेड़ा निवासी उपेंद्र रघुवंशी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक मोबाइल फोन बरामद किया है। उसके बैंक खाते में ठगी की रकम ट्रांसफर की गई थी। पुलिस मामले के अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।*

### कोसली पुलिस ने काबू किए तीन आरोपी

**कोसली।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 29 अक्टूबर को पीड़ित पक्ष के बयान पर कई आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने कनीना के सीहोर निवासी सचिन और बव्वा निवासी संदीप को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने 3 नवंबर को दर्ज किए गए मामले में सरहेली निवासी नीरज को गिरफ्तार किया है। बाद में सभी आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### रेलवे पार्क में श्री श्याम प्रभु का जागरण आठ को

**कोसली।** कोसली के सांवरिया सेवा मित्र मंडल की ओर से 8 नवंबर को रेलवे पार्क में श्री श्याम प्रभु खाटू वाले के जागरण का आयोजन किया जाएगा। मंडल के महेंद्र सिंह ने बताया कि 7 नवंबर को निशान यात्रा निकाली जाएगी, जोकि नाहड़ रोड़ स्थित हनुमान मंदिर से शुरू होकर विश्वकर्मा कॉलोनी के श्याम मंदिर में पहुंचेगी। जागरण में भजन गायक कलाकार साहिल शर्मा पानीपत, बाल किशन शर्मा रेवाड़ी, मयंक नारनौल, प्राची ठाकुर दिल्ली व राजेश जांगड़ा कोसली श्री श्याम बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे।

## चोरी की चेन खरीदने का आरोपी सुनार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बीते 25 सितंबर को स्वर्ण जयंती पार्क के पास एक महिला के गले से सोने की चेन झपटने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने महिला के गले से झपटी चेन खरीदी थी। उसे कोर्ट में पेश करने के रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान उससे चेन बरामद की जाएगी।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी महावीर सोनी।

#### राजस्थान पुलिस ने पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया था

पुलिस को दर्ज शिकायत में महेंद्रगढ़ के नांगल हरनाथ निवासी भारती शर्मा ने बताया था कि वह इस समय मॉडल टाउन स्वर्ण में जयंती पार्क के पास रहती है। 25 सितंबर को वह शाम के समय दुकान से सामान लेकर घर लौट रही थी। घर के पास पहुंचते ही बाइक पर दो युवकों में से पीछे बैठे युवक ने उसके गले से सोने की चेन झपट ली। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। इस मामले में पुलिस ने राजस्थान के रसनाली निवासी विक्रम को गिरफ्तार किया था। उस पर राजस्थान पुलिस ने पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया हुआ था। पूछताछ के दौरान विक्रम ने बताया कि उसने झपटी गई सोने की चेन अलवर जिले के अजबपुरा निवासी महावीर सोनी को बेची थी। पुलिस ने आरोपी महावीर सोनी को गिरफ्तार करने के बाद एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

### छात्रा के शव का करवाया गया पोस्टमार्टम

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस स्टेशन के पास एक होटल में बीते सोमवार की रात सुसाइड करने वाली डीयू की छात्रा के शव का पोस्टमार्टम बुधवार को कराया गया। मूल रूप से राजस्थान के झुनझुनु की रहने वाली निकिता डीयू के अधीन आत्माराम कॉलेज दिल्ली की बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा थी। वह होटल में कमरा किराए पर लेकर ठहरी थी। रात को उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

### यदुवंशी स्कूल में इंटर स्कूल साइंस क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**महेंद्रगढ़।** यदुवंशी स्कूल में इंटर स्कूल साइंस क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें यदुवंशी स्कूल की सभी 14 शाखाओं के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह क्विज कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के मध्य करवाई गई। क्विज प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव के प्रेरणादायक भाषण से हुई। तत्पश्चात सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों का स्वागत किया और विद्यार्थियों को पूरे उत्साह व समर्पण के साथ भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में कुल चार राउंड आयोजित किए गए। पहला राउंड सब्जेक्ट राउंड था, जिसमें प्रतिभागियों की विषय ज्ञान की परख की गई। दूसरा विजुअल राउंड हुआ, जिसमें विज्ञान से संबंधित चित्र व प्रयोग पर प्रश्न पूछे गए। तीसरा एक्टिविटी बेस्ड राउंड रहा, जिसमें छात्रों ने प्रयोग के माध्यम से अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। चौथा और अंतिम रैपिड फायर राउंड प्रतिभागियों की त्वरित सोच और निर्णय क्षमता की परीक्षा के रूप में रहा। प्रत्येक टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और अपने विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

### एक सप्ताह तक आसमान साफ रहने की संभावना, अभी जल्द बारिश के आसार नहीं

# मौसम के साथ साफ हुआ प्रदूषण, एक्यूआई में आया बड़ा सुधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

आसमान में बार-बार बादल छाने के बावजूद बूंदाबांदी नहीं हुई। बीते सप्ताह प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ा रहा। अब मौसम पूरी तरह साफ होते ही प्रदूषण का स्तर भी काफी हद तक सुधर गया है। एक्यूआई 100 के आसपास आ गया है, जिसे संतोषजनक माना जा रहा है। अगले एक सप्ताह तक आसमान साफ रहेगा। बारिश की अभी कोई उम्मीद नहीं है। गत मंगलवार को आसमान में आंशिक बादल छाने के बाद हवा में नमी का स्तर बढ़ गया था, जिससे एक्यूआई में भी वृद्धि दर्ज की गई थी।

बुधवार को सुबह से ही आसमान साफ रहा। तेज धूप खिलने के बावजूद अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जो दिन के समय सर्दी का असर बढ़ने के संकेत दे रही है। दिन का तापमान 1.0 डिग्री की कमी के साथ 30.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। रात का तापमान 11.0 डिग्री पर स्थिर रहा। हवा में नमी का स्तर 53 प्रतिशत रहा, जबकि 11 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं। नवंबर माह के पहले सप्ताह में मौमस दिन के समय ठंडा होना शुरू हो गया है। दूसरे पखवाड़े में तेज हवाएं ठिठुरन बढ़ाने का काम करेंगी।

#### खुली हवा में सांस लेने में मिली राहत



रेवाड़ी। एक्यूआई में आया सुधार, मौसम साफ रहने पर निकलते सूर्यदेव।

#### फसलों के लिए मौसम लाभदायक

इस बार मौसम सरसों की फसल के लिए अनुकूल साबित हो रहा है। बीते वर्ष कई किसानों की फसल दिन में तापमान अधिक होने के कारण खराब हो गई थी। इस बार तापमान सामान्य से कम रहा है, जिस कारण सरसों की फसल का तेजी से विकास हो रहा है। सरसों की बिजाई का कार्य पूरा होने के बाद किसान गेहूं की बिजाई कर रहे हैं। नवंबर माह के अंत तक गेहूं की बिजाई का कार्य चलेगा। अगेती सरसों की सिंचाई भी किसानों ने शुरू कर दी है।

#### एक्यूआई 100 के करीब आ गया

मौसम साफ होने और हवाओं की गति तेज होने के कारण धारूहेड़ा का एक्यूआई 100 के करीब आ गया। कई दिनों से भारी प्रदूषण की समस्या का सामना कर रहे लोगों को इससे काफी राहत मिली है। आसमान से धुएं की चादर भी हट चुकी है। मौसम विभाग के अनुसार अगले एक सप्ताह तक आसमान साफ रहेगा। बारिश की अभी कोई संभावना नहीं है।

## खबर संक्षेप



### मांढैया खुर्द की जर्जर सड़क से ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

**कोसली।** कोसली विधानसभा के गांव मांढैया खुर्द की जर्जर सड़क के कारण ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है। जगह-जगह से टूटी सड़क से पूरे दिन धूल उड़ती रहती है। पूर्व सरपंच बिजेंद्र कुमार ने बताया कि गांव का रेवाड़ी से कोसली को जाने वाला रोड कई महीने से जर्जर अवस्था में है। सड़क टूटने से जहां वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ रही है, वहीं वाहन गुजरने से जर्जर सड़क से उड़ती धूल के कारण आसपास रहने वाले लोगों को दिक्कत उठानी पड़ रही है। धूल उड़ने से दमा व सांस के मरीजों को ज्यादा परेशानी हो रही है। ग्रामीण होशियार सिंह, प्रकाशचंद, अजय कुमार, मास्टर जसवंत सिंह, अजय कुमार, यशवंत, अरविंद कुमार, ईश्वर नंबरदार व रामकुमार ने बताया कि समस्या के समाधान के लिए कुछ दिन पहले कोसली विधायक अनिल कुमार व रेवाड़ी विधायक लक्ष्मण यादव से भी मुलाकात की जा चुकी है, लेकिन अभी तक इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया है।

खेल मंत्री को लिखा पत्र, खिलाड़ियों को अभ्यास करने में हो रही परेशानी

# 15 साल पहले बने खेल स्टेडियम की लंबे समय से दुर्दशा, कोच भी नहीं

- खेल विभाग की ओर से देखरेख व मेंटेनेंस के अभाव में खेल स्टेडियम बदहाल स्थिति में पहुंच चुका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

ग्रामीण आंचल की खेल प्रतिभाओं को उनके घर के नजदीक ही अभ्यास की सुविधाएं देने के उद्देश्य से राजीव गांधी खेल स्टेडियमों का निर्माण कराया गया था, ये खेल परिसर रखरखाव, देखरेख व प्रशिक्षकों की कमी की वजह से दुर्दशा का शिकार होते चले गए। करीब एक लाख आबादी वाले कस्बा धारूहेड़ा में 15 साल पहले करीब एक करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया खेल स्टेडियम वर्तमान में बदहाली का शिकार हो चुका है। धारूहेड़ा कस्बे के जागरूक नागरिक जेपी यादव ने प्रदेश के खेल मंत्री गौरव गौतम को पत्र लिखकर खेल स्टेडियम की दशा सुधारने व स्टेडियम में पोस्ट पर दोनों कोच की नियुक्ति करने की मांग की है। पंचायत की चार एकड़ की भूमि पर बने खेल स्टेडियम के मैदान में वर्तमान में मैदान में खरपतवार और कंटीली झाड़ियां उगी हुई हैं, खिलाड़ियों को दौड़ का अभ्यास करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वर्ष 2006 में सरपंच की ओर से खेल स्टेडियम के लिए पंचायती भूमि मुहैया कराई थी। खेल विभाग की ओर से देखरेख व मेंटेनेंस के अभाव में खेल स्टेडियम बदहाल स्थिति में पहुंच चुका है।



रेवाड़ी। खेल स्टेडियम के भवन तक ऊगी खरपतवार, स्टेडियम में फैली कंटीली झाड़ियां तथा खेल स्टेडियम के मैदान में ऊगी खरपतवार। फोटो : हरिभूमि


- वर्ष 2006 में सरपंच की ओर से खेल स्टेडियम के लिए पंचायती भूमि मुहैया कराई थी
- 15 साल पहले करीब एक करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया खेल स्टेडियम

### स्टेडियम में मिले सभी सुविधाएं

नगरपालिका चेयरमैन कंवर सिंह यादव ने कहा कि खेल स्टेडियम में युवाओं के लिए सभी सुविधाएं होनी चाहिए ताकि खिलाड़ी खेलों का अभ्यास ठीक से कर सकें। स्टेडियम के साथ कचरा डंपिंग यार्ड को भी हटाया जाना चाहिए ताकि युवाओं को शुद्ध वातावरण मिल सकें।

### स्टेडियम जाने वाला रास्ता बदहाल

*धारूहेड़ा के खेल स्टेडियम में सुविधाओं के अभाव में खिलाड़ी चोटिल भी हो रहे हैं। खेल परिसर का भवन भी दुर्दशा का शिकार हो चुका है। स्टेडियम में मुख्य द्वार से अंदर तक जगह-जगह खरपतवार व कंटीली झाड़ियां ऊगी हुई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि खेलों को बढ़ावा देने से युवाओं को नशे से दूर रखा जा सकता है। गत वर्ष में युवा तीन बार अपने स्तर पर ही खेल स्टेडियम की सफाई करा चुके हैं। स्टेडियम जाने का रास्ता भी बदहाल स्थिति में है। स्टेडियम के पास ही कचरा डंपिंग यार्ड बनाया हुआ है, जिससे खिलाड़ियों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है। ग्रामीणों की ओर से कई बाद शिकायत देने के बाद भी डंपिंग यार्ड को खत्म नहीं किया जा रहा है।*



रेवाड़ी। ग्रामीणों को जागरूक करते हुए पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

## तालमेल से कार्य करें तो नियंत्रित हो सकती नशे जैसी बुराई: रामपाल

### गांव आलियावास व कोलाना में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

- नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है

जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम ने बुधवार को निरीक्षक रामपाल के नेतृत्व में गांव आलियावास व कोलाना में ग्रामीणों के साथ बैठक कर गांवों को नशा मुक्त करने तथा युवाओं को नशे से दूर रखने को लेकर विचार-विमर्श किया। निरीक्षक रामपाल ने कहा कि पुलिस और आमजन अगर आपस में तालमेल के साथ कार्य करें तो नशे जैसी बुराई पर नियंत्रण पाया जा सकता है। नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा। उन्होंने कहा कि नशा एक अभिशाप है, सभी इसका मिलकर बहिष्कार करें। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि किसी प्रकार की नशे संबंधी सूचना है कोई व्यक्ति नशे का प्रयोग करता है या नशे की सप्लाई इत्यादि करता है तो इस बारे पुलिस को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 या 112 नंबर पर सूचित करें। पुलिस की ओर से तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

## गुरुनानक देव जी का प्रकाश पर्व मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को शहर के सभी गुरुद्वारों में गुरुनानक देव जी का 556वां प्रकाश पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गुरुद्वारों में बुधवार को साध-संगत की ओर से कीर्तन, गुरुवाणी व गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ किया गया। गुरुद्वारे में सिख समुदाय के लोगों ने मत्था टेककर अरदास लगाई। गुरुद्वारों में विशेष दीवान सजाए गए। कार्तिक पूर्णिमा पर सभी गुरुद्वारों में आकर्ष लाइटों से विशेष सजावट भी की गई। रागी जत्थों ने पूरे दिन प्रवचन से साध-संगत को निहाल किया। मॉडल टाउन स्थित कलगीधर गुरुद्वारे से बुधवार को प्रातः प्रभात फेरी निकाली गई।



रेवाड़ी। गुरुद्वारे में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद बच्चे व महिलाएं।

गरुद्वारे से एक सप्ताह से रोजाना प्रभात फेरी निकाली जा रही थी। अखंड पाठ के समापन व अरदास के बाद श्रृद्धालुओं ने गुरुद्वारों में अटूट लंगर छकना शुरू किया।

## गौतम बुद्ध की प्रतिमा का हुआ अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

माता रमाबाई सामाजिक उत्थान संस्था आजाद नगर में बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा पर महा कारुणिक एवं महान चिंतक, संसार को अहिंसा का संदेश देने वाले तथा प्राणी दुख-निवारण के लिए अष्टांगिक मार्ग प्रदान करने वाले तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा का अनावरण किया गया। प्रतिमा का अनावरण राहुल के मार्गदर्शन में श्रदेय भंते धम्मशील ने किया। प्रतिमा को उपासक मास्टर जयप्रकाश राणा गांव भगवानपुर ने भेंट किया। भंते धम्मशील ने



उपस्थित उपासकों को त्रिशरण गमन व पंचशील ग्रहण, ध्यान एवं विपश्यना का अभ्यास कराया। उन्होंने धम्म पालन, अष्टांगिक मार्ग व मानव कल्याण के लिए करुणा तथा मैत्री एवं सदाचार के महत्व का वर्णन किया।

## निराश्रित बच्चों को प्रति माह 2100 की सहायता

**रेवाड़ी।** जिले में 21 वर्ष तक की आयु का बच्चा जो अपने माता-पिता की सहायता अथवा देखभाल से उनकी मृत्यु होने के कारण, अपने पिता के घर से पिछले 2 वर्ष की अवधि से अनुपस्थित होने के कारण अथवा माता-पिता के लंबी सजा, जोकि एक वर्ष से कम न हो या मानसिक व शारीरिक अक्षमता के कारण वंचित हो जाते हैं और जिनके माता-पिता, अभिभावक की सभी साधनों से वार्षिक आय दो लाख से अधिक नहीं है। वह बच्चा हरियाणा सरकार के सामाजिक न्याय एवं सहकारिता विभाग की ओर से दी जा रही वित्तीय सहायता का लाभ पात्र है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि विभाग की ओर से एक परिवार में दो बच्चों तक 2100 प्रति माह प्रति बच्चा पेंशन प्रदान की जा रही है। डीसी मीणा ने बताया कि स्कीम



का लाभ लेने के इच्छुक व्यक्ति के पास बेसहारा होने का प्रमाण पत्र, बच्चों के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र व आवेदक का 5 वर्ष या उससे अधिक की अवधि का हरियाणा राज्य में निवासी होने का दस्तवेज जैसे कि फोटोयुक्त वोटर कार्ड या राशन कार्ड आदि की स्वयं सत्यपित फोटोप्रति सहित परिवार पहचान पत्र होना आवश्यक है। आवेदक के पास यदि उपरोक्त दस्तावेजों में से कोई दस्तवेज नहीं है तो वह कोई अन्य प्रमाण पत्र सहित 5 वर्ष से हरियाणा में रिहायश का हलफनामा दे सकता है।

## नियम तोड़ने पर 4 हजार चालकों पर कसा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला पुलिस की ओर से शराब पीकर वाहन चलाने वाले, बुलेट मोटरसाइकिल में पटाखा छोड़ने, लेन चेंज की अवहेलना एवं ब्लैक फिल्म लगाकर गाड़ी चलने वालों के साथ-साथ यातायात नियमों की उल्लंघना करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया हुआ है। अभियान के तहत पुलिस की ओर से गत अक्टूबर माह में ही शराब पीकर वाहन चलाने वाले 246 वाहन चालकों के चालान किए गए। इसके अलावा पुलिस ने अक्टूबर माह में लेन



चेंज की अवहेलना पर 3726 एवं ब्लैक फिल्म लगी 17 गाड़ियों के चालान किए, साथ ही गाड़ी में तेज डीजे व प्रेशर हॉर्न बजाकर ध्वनि प्रदूषण करने वाले व बुलेट पटाखा छोड़ने वाले 11 वाहन चालकों पर शिकंजा कसा है। एसपी हेमेन्द्र कुमार मीणा ने कहा कि अक्सर देखने में आता है कि रात्रि के समय काफी वाहन चालक नशे में धुत होकर वाहन चलाते हैं, जिससे वे अपने आप को तो खतरे में डालते ही हैं साथ में सड़क पर चल रहे अन्य वाहन चालक के लिए भी खतरा बन जाते है। शराब पीकर गाड़ी चलाना सड़क दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बनता है और यह मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 185 के तहत दंडनीय अपराध है।

## न्यूज डायरी



### सूबे सिंह अनुशासन समिति के सह-चयनित सदस्य नियुक्त

**रेवाड़ी।** बार काउंसिल पंजाब एवं हरियाणा के सदस्य मिंदरजीत यादव ने बुधवार को वरिष्ठ वकील सूबे सिंह यादव को बार काउंसिल पंजाब एवं हरियाणा की अनुशासन समिति के सह-चयनित सदस्य के रूप में नियुक्त किए जाने पर बधाई दी। इस मौके पर सूबे सिंह यादव ने सौंपे गए कर्तव्यों को पूर्ण समर्पण, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत तरीके से निभाने का वादा किया। मिंदरजीत ने सूबे सिंह यादव को नियुक्ति प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो प्रदान किया। इस अवसर पर एडवोकेट कपिल यादव, प्रदीप यादव, अनिल राव, जयंत यादव, सुरेश यादव, योगेश यादव, अमन यादव, मनप्रिय यादव, रेणु, दीपिका यादव व नितिन कौशिक उपस्थित थे।



### दीप जलाकर धूमधाम से मनाया बैकुंठ चौदस का पर्व

**रेवाड़ी।** कुतुबपुर स्थित श्री गोसाई मंदिर में बैकुंठ चौदस का पर्व धूमधाम से मनाया गया। मंदिर के पुजारी पंडित किशन चंद वशिष्ठ ने श्रृद्धालुओं को पर्व के महत्व के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि बैकुंठ चौदस पर साल के 365 दिन होने पर 365 दीपक जलाए जाते हैं, जो भी श्रृद्धालु इस दिन विष्णु भगवान और लक्ष्मी का पूजन करने के पश्चात मंदिर में 365 दीपक जलाता है तो विष्णु भगवान और लक्ष्मी जी उससे प्रसन्न होकर सभी मनोकामना पूरी करते है और उसके लिए बैकुंठ धाम के दरवाजे हमेशा खुले रहते है। उन्होंने बताया कि बैकुंठ चौदस के दिन ही भगवान विष्णु और भगवान शंकर की एक साथ पूजा की जाती है, जिससे सुख-शांति मिलने के साथ घर में लक्ष्मी आती है और व्यापार में वृद्धि होती है। इस अवसर पर बिंदू गुप्ता, सपना, पप्पू, मुकेश भार्गव, विधि गुप्ता व संजीव वशिष्ठ सहित सैकड़ों श्रृद्धालु मौजूद थे।



### बेटियों ने विश्व कप जीतकर बढ़ाया देश का मान : मेनका

**रेवाड़ी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने विश्व कप जीतकर एक बार फिर इतिहास रच दिया है। इस ऐतिहासिक जीत से पूरे देश में खुशी की लहर दौड़ गई है। जन शक्ति जागृति मंच ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष मेनका सोनी ने कहा कि भारत की बेटियों ने मैदान पर जिस साहस, आत्मविश्वास और अनुशासन के साथ प्रदर्शन किया, उसने न केवल देश का सिर गर्व से ऊंचा किया है, बल्कि हरियाणा की धरती पर भी उत्साह का माहौल बना दिया है। भारती की जीत पर महिलाओं ने मिठाई बांटकर और तिरंगा लहराकर टीम इंडिया की बेटियों को बधाई दी। ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि यह जीत हर उस बेटी की जीत है, जो सपने देखने और उन्हें साकार करने का हौसला रखती है। भारतीय महिला टीम ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। इस मौके पर देवेंद्र कुमार, कमलेश सोनी, मंजू शर्मा, मीनू, प्रकाश, श्वेता, सुनील कुमार व शशिबाला सहित अनेक महिलाएं मौजूद रही।



### एनएसएस स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान

**बावल।** राजकीय महाविद्यालय बावल में एनएसएस की दोनों इकाइयों की ओर से दो दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया है। कैंप के दौरान पहले दिन एनएसएस स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के खेल परिसर की साफ-सफाई की। दूसरे दिन त्रिकोणीय पार्क की सफाई व पौधों की खुदाई कर पानी दिया गया। कॉलेज प्राचार्य डा. नमिता व डा. इंद्रजीत सिंह सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने स्वयंसेवकों की ओर से किए गए कार्यों की सराहना की। डा. नीतू सिंह व डा. बबीता यादव ने स्वयंसेवकों को स्वच्छता के प्रति सदैव जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। सुदेश देवी व विवेक भारती ने स्वयंसेवकों को एनएसएस के आदर्श वाक्य मैं नहीं बल्कि आप के बारे में बताते हुए निःस्वार्थ सेवा के लिए प्रेरित किया।

### सतीश डागर बने आरडब्ल्यूए के प्रधान

**रेवाड़ी।** गढ़ी बोलनी रोड स्थित ईडन गार्डन सोसायटी में रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव की प्रक्रिया पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न हुई। मुख्य चुनाव अधिकारी डा. आईएस खैरवाल व सहायक चुनाव अधिकारी बने सिंह यादव की देखरेख व चुनाव पर्यवेक्षक डा. रमेश यादव की उपस्थिति में चुनाव कराए गए। नामांकन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत पदाधिकारियों को निर्विरोध रूप से निर्वाचित घोषित किया गया। रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन में सतीश डागर को प्रधान, सतीश को उप-प्रधान, पंकज रूस्तगी को कोषाध्यक्ष, हरिकिशन शर्मा को महासचिव तथा पुनीत गेरा को सह-सचिव नियुक्त किया गया। इस मौके पर नवनिर्वाचित प्रधान सतीश डागर ने सोसायटी निवासियों का आभार व्यक्त किया।



## हर्षोल्लास से मनाया कार्तिक पूर्णिमा पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

भगवान परशुराम शिक्षा समिति की ओर से बूढ़पुर में कार्तिक पूर्णिमा, देव दीपावली और गुरु नानक जयंती पर्व पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर समिति के सदस्यों ने हवन भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति प्रधान सत्यप्रकाश गौतम ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिमालय परिवार सिंधु दर्शन यात्रा केंद्रीय टीम के मीडिया प्रमुख



कमल खत्री थे। इस अवसर पर समिति के सदस्यों, गणमान्य व्यक्तियों और स्थानीय निवासियों ने हवन में आहूति डालकर विश्व शांति और जन कल्याण की कामना की। आचार्य विशाल शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार से हवन कराया, जिसके यजमान के रूप में कमलेश गुप्ता थे। इस अवसर पूर्व अध्यक्ष बलवीर शर्मा, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी धर्मवीर, नगर पार्षद गिरीश, हिमालय परिवार हरियाणा के प्रांत अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण, डा. युवराज प्रदीप, नौवहार, तेजभान कुकरेजा, शिवकुमार हरित, सवाल राम, राजकुमार, वासुदेव शर्मा, जगदीश राय वशिष्ठ व श्रीराम मुच्छल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

### पुलिस ने स्कूल बसों की जांच में चालक का किया ड्रिंक एंड ड्राइव का चालान



**रेवाड़ी।** पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देशानुसार जिला भर में जिला पुलिस की ओर से स्कूल वेन व बसों की चेकिंग का अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस की ओर से बच्चों की सुरक्षा सुश्चित करने के उद्देश्य से स्कूल बसों में सुरक्षा मानकों, वाहन फिटनेस, ओवरलोडिंग, ड्राइवर के लाइसेंस, फर्स्ट एड बॉक्स, सीसीटीवी कैमरे, फायर एक्सटिंग्विशर व अन्य अनिवार्य व्यवस्थाओं की सघन जांच की जा रही है। बुधवार को धारूहेड़ा ट्रैफिक पुलिस की ओर से तीन स्कूल बसों की जांच की गई तथा इस दौरान शराब पीकर बस चलाने पर एक बस चालक का ड्रिंक एंड ड्राइव का चालान भी किया गया।

युवा महोत्सव में विद्यार्थियों ने हरियाणवी गीतों पर दी मनमोहक प्रस्तुति

# फॉक म्यूजिकल इंस्ट्रुमेंटस एकल में अरमान प्रथम व उमेश द्वितीय रहा



रेवाड़ी। समूह गायन की प्रस्तुति देते हुए टीम, ग्रुप डांस की प्रस्तुति देते हुए छात्राएं तथा समापन समारोह में मुख्य अतिथि व रजिस्ट्रार के साथ महोत्सव के आयोजक और सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्विद्यालय के कल्पना चावला सभागार आयोजित दो दिवसीय जिला युवा महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। महोत्सव के समापन सामारोह में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से क्षेत्रीय सेवा प्रमुख कृष्ण कुमार, कुलपति प्रो. असीम मिगलानी, एडीसी राहुल मोदी व यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रो. दिलबाग सिंह मुख्यातिथि के रूप में मौजूद थे। महोत्सव में जिलेभर के युवाओं ने हरियाणवी गीतों पर समूह नृत्य, समूह गायन, भाषण प्रतियोगिता, कहानी लेखन, कविता लेखन, पेंटिंग, साइंस मेला व म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट्स आदि प्रतिस्पर्धाओं में हिस्सा लिया। विकसित युवा-विकसित भारत के तहत आयोजित जिला स्तरीय युवा महोत्सव में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से क्षेत्रीय सेवा प्रमुख कृष्ण कुमार ने कहा कि युवा देश का भविष्य है। जब हमारा युवा सशक्त होगा तभी हमारा देश आर्थिक रूप से सशक्त होकर विकसित भारत बनेगा। युवाओं की प्रतिभा और ऊर्जा को

**खास बात**

- दो दिवसीय महोत्सव में 300 से अधिक युवाओं ने दिखाई प्रतिभा

निरंतर युवाओं के लिए जिला युवा महोत्सव जैसे अनेक कार्यक्रम करा रही हैं। इस प्रकार के कार्यक्रमों से युवाओं को अपनी कला व संस्कृति तथा अन्य क्षेत्रों में प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है।

युवा अधिकारिता व उद्यमिता विभाग हरियाणा के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय जिला युवा महोत्सव में युवाओं ने अपनी कला से आठ विधाओं में शानदार प्रदर्शन किया। महोत्सव का मंगलवार देर रात पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एडीसी राहुल मोदी व यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रो. दिलबाग सिंह ने विजेताओं को सर्टिफिकेट्स व चेक देकर सम्मानित किया। मंच संचालन सुधीर कुमार ने किया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी आईटीआई के प्रधानाचार्य जयदीप कादयान ने सभी का आभार जताया।

### ये रहे महोत्सव की प्रतियोगिताओं के परिणाम

कविता लेखन में सिमरन प्रथम, प्रिया द्वितीय और ज्योति तृतीय स्थान पर रही। साइंस मेला एकल में विश्वजीत प्रथम, दीपांशु द्वितीय और सुमित तृतीय, साइंस मेला समूह में आदित्य की टीम प्रथम, नवीन की द्वितीय और योगिता की टीम तृतीय, कहानी लेखन में रितिका प्रथम, तमन्ना द्वितीय और ज्योति तृतीय, फॉक म्यूजिकल इंस्ट्रुमेंटस समूह में लावण्या फाउंडेशन प्रथम, आईजीयू मीरपुर द्वितीय और राजकीय आईटीआई टांकड़ी तृतीय, फॉक म्यूजिकल इंस्ट्रुमेंटस एकल में अरमान प्रथम, उमेश द्वितीय और ओमप्रकाश तृतीय, भाषण प्रतियोगिता में प्रीति यादव प्रथम, रिया द्वितीय और कविता तृतीय, समूह गायन में लावण्या फाउंडेशन प्रथम, आईजीयू मीरपुर द्वितीय और आरपीएस स्कूल तृतीय, समूह नृत्य में लावण्या फाउंडेशन प्रथम, आईजीयू मीरपुर द्वितीय और राजकीय आईटीआई सहारनवास तृतीय तथा पेंटिंग प्रतियोगिता में निधि ने प्रथम, विधि ने द्वितीय और हेमंत ने तृतीय स्थान हासिल किया।